हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

क्रमांक : हि०शि०बो० / 22 / दशम–2 / लैटर सैट / 2-A / 2026 / 14786-14816 दिनांक: 07.09.2026

## "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा **सत्र 2026–27** के लिए हि०प्र० के राजकीय एवं हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त निजी स्कूलों के **नवमीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं** कक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण करने के लिए **Online Portal दिनांकः 08.09.2026 से प्रारम्भ किया जा रहा है तथा ऑनलाईन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि दिनांकः 16.11.2026 तक निर्धारित की गई है। जिसका शुल्क सहित विवरण निम्न प्रकार से है:–**

| क्रम संख्या | पंजीकरण शुल्क | बिना विलम्भ शुल्क की अवधि | | विलम्भ शुल्क 500/- रूपये प्रति छात्र के साथ अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक से | दिनांक तक | दिनांक से | दिनांक तक |
| 1. | 200/- प्रति छात्र | 08.09.2026 | 15.10.2026 | 16.10.2026 | 16.11.2026 |

जिन परीक्षार्थियों का पंजीकरण पहले हो चुका है उन परीक्षार्थियों का नया पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है, उन परीक्षार्थियों को पहले से आवंटित पंजीकरण संख्या के अन्तर्गत ही परीक्षाओं से सम्बधित कारवाई की जानी है।

नये परीक्षार्थियों को पंजीकरण करवाने के लिए **Online Portal** में अंकित **New registration** की **option** को **click** करने के उपरांत परीक्षार्थी से सम्बधित जानकारी सम्बन्धित विद्यालय द्वारा अपलोड करनी होगी। इसके साथ साथ विद्यालय से सम्बन्धी अन्य सूचना भी **Online Portal** में उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार भरनी होगी।

**उपरोक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी परीक्षार्थी का पंजीकरण नहीं किया जाएगा तथा समयबद्ध पंजीकरण न किए जाने की पूरी जिम्मेदारी सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक की होगी।**

सभी प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक तथा कक्षा के प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, लिंग तथा श्रेणी (Category) आदि सही अंकित हो। इसके अतिरिक्त यदि कोई परीक्षार्थी CWSN श्रेणी में आता है तो उसका पूरा विवरण विकलांगता प्रमाण पत्र के अनुसार भरना अनिवार्य है। किसी भी परीक्षार्थी का विवरण यदि विद्यालय के प्रवेश रजिस्ट्रर से भिन्न पाया जाता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित स्कूल के प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक तथा कक्षा प्रभारी का होगा।

अंकुश शर्मा (हि०प्र०से०)
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि
दिनांकः यथोपरि

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. समस्त उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा), हि० प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. अतिरिक्त सचिव, समस्त उप सचिव / सहायक सचिव।
3. सहायक सचिव (**I.T. Cell**) को इस आशय के साथ प्रेषित है कि अधिसूचना को बोर्ड वैबसाईट व समस्त स्कूल **Login Id** पर अपलोड करवाएं तथा **दिनांक:08.09.2026** से पंजीकरण प्रकिया प्रारम्भ करवाने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी / जिला प्रबन्धक, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
5. कनिष्ठ व वरिष्ठ आशुलिपिक, माननीय अध्यक्ष महोदय / सचिव महोदय, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
6. प्रभारी, लोक संपर्क, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय के साथ कि वे इस अधिसूचना की प्रैस विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाएं।
7. रक्षक संचिका।

अंकुश शर्मा (हि०प्र०से०)
सचिव

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला जिला कांगड़ा(हि०प्र०) 176215
दूरभाष/Tele: 01892-242149....., 242......, 229037
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817
Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176215
अणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com
Website : hpbose.org